सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 201 | इंदौर, बुधवार 05 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

◆इंदौर में कान्ह नदी पर पांच सौ करोड़ से ज्यादा खर्च

## फिर भी नदी दूषित

### उज्जैन में करना पड़ रही डायवर्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर से बहकर शिप्रा नदी में मिलने वाली कान्ह नदी पर बीते दस वर्षों में इंदौर में पांच सौ करोड़ रुपये खर्च हो चुके है, लेकिन कान्ह नदी साफ नहीं हो पाई। उज्जैन में त्रिवेणी संगम तक जाते जाते कान्ह नदी शिप्रा को फिर दूषित कर देती है। इसके चलते उज्जैन में कान्ह नदी को बाइपास करने की योजना बनाना पड़ी। उस पर भी सरकार करोड़ों रुपये खर्च हो रही है। आखिर इतना पैसा खर्च करने के बावजूद नदी साफ क्यों नहीं हो पा रही है। इस पर अब सवाल उठने लगे है।

इंदौर के समीप रालमंडल में कान्ह नदी का उद्गम स्थल है। यह नदी इंदौर शहर के बीचों बीच से बहती है। किनारों पर बसाहट होने के कारण नदी शहर का सीवरेज ढोने का काम करती है, लेकिन दस साल पहले 300 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत शहर में और नदी के किनारे पर पाइप बिछाए गए। यह लाइन सीधे कबीटखेड़ी ट्रीटमेंट प्लांट तक गंदे पानी को ले जाती है।

वहां पानी को शुद्ध किया जाता है और फिर नदी में पानी छोड़ा जाता है। इंदौर में सीवरेज प्रोजेक्ट पर 300 करोड़ और ट्रीटमेंट प्लांट बनाने पर 200 करोड़ रुपये खर्च हो चुके है। केंद्र सरकार ने पांच सौ करोड़ रुपये नदी शुद्धिकरण के लिए और मंजूर किए है।

### इसलिए नदी नहीं हो रही साफ

इंदौर में पहले ट्रीटमेंट प्लांट शक्करखेड़ी में बनना था, लेकिन वहां नगर निगम को जगह नहीं मिली,जबकि पूर्वी क्षेत्र के सीवरेज पाइप वहां तक बिछाए जा चुके थे। पैसा लैप्स होने के कारण अफसरों ने कबीटखेड़ी में ही प्लांट बनाने का फैसला लिया। अब शहर का विस्तार कबीटखेड़ी से आठ किलोमीटर आगे तक हो गया है। उसका गंदा पानी सीधे कान्ह नदी में मिल रहा है। कबीटखेड़ी के आगे ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाए गए है।

### सांवेर और अन्य गांवों का गंदा पानी भी कान्ह नदी में

इंदौर से उज्जैन के बीच कान्ह नदी किनारे धरमपुरी, सांवेर सहित 30 से अधिक गांव आते है। इन गांवों में भी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगे है। गांव का दूषित जल सीधे नदी में मिलता है। इस कारण उज्जैन तक पहुंचे-पहुंचे कान्ह नदी नाले में तब्दील हो जाती है।

### नदी को बाइपास करने में 900 करोड़ खर्च

उज्जैन में नदी को बाइपास करने में प्रदेश सरकार 900 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। जमीन के नीचे 12 किलोमीटर की सुरंग बनाई जा रही है। इसके अलावा 20 किलोमीटर क्लोज डक्ट बनाई जा रही है। इससे होकर कान्ह नदी का पानी उज्जैन के बाद गंभीर नदी में मिलेगा। उज्जैन में जमालपुरा में नदी को बाइपास किया जाएगा।

# हुकुमचंद मिल की जमीन पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

## मेट्रो, हाईस्पीड ट्रेन, स्मार्ट-सिटी और निवेश में जापान देगा सहयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मोहन यादव सरकार ने इंदौर की हुकुमचंद मिल की 17.52 हेक्टेयर जमीन पर कॉमर्शियल और रेसिडेंशियल आवास निर्माण के साथ बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही ड्रोन संवर्धन और सेमी कंडक्टर नीति समेत पीएम आवास योजना 2.0 को भी मंजूरी दे दी गई है।



हुकुमचंद मिल के लिए त्रिपक्षीय समझौते के आधार पर काम किया जाएगा। सरकार इस प्रोजेक्ट में ग्रीनरी पर खास फोकस करेगी। इस मिल की 450 करोड़ रुपए की देनदारी सरकार दे चुकी है। सीएम के जापान की पांच दिन की यात्रा से लौटने के बाद हो रही पहली कैबिनेट बैठक में मोहन यादव ने मंत्रियों के साथ दौरे के अनुभव साझा किए। इस दौरान जापान की संस्कृति पर चर्चा हुई, साथ ही मुख्यमंत्री ने 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जापान द्वारा किए जाने वाले संभावित निवेश की जानकारी दी। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में GIS की तैयारियों से जुड़ी कई नीतियों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जापान भी पार्टनर है। भोपाल-इंदौर के बीच मेट्रो रेल प्रौद्योगिकी, स्मार्ट सिटी, शहरी विकास प्लानिंग पर जापान ने सहमति दी है। साथ विशेष चैनल स्थापित करने, हाईस्पीड ट्रेन कॉरिडोर, स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर जापान सहयोग करेगा। कपास से कपड़ा और उससे रेडीमेड गारमेंट बनाने में भी जापान सहयोगी बनेगा। उज्जैन मेडिकल पार्क में यूनिट लगाने, ईवी मैन्युफैक्चरिंग में भी जापान ने सहमति दी है। नई उत्पादन लाइन में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया है। कैबिनेट ने आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की मध्य प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति 2025 को मंजूरी दे दी है। इस नीति में इन्वेस्ट को बढ़ावा देने का काम होगा। कई राज्यों की पॉलिसी का अध्ययन करने के बाद यह नीति बनाई गई है। जीआईएस में दो हजार करोड़ तक का निवेश हो सकता है। रोजगार ज्यादा नहीं मिलता लेकिन एक इकोसिस्टम तैयार होता है।

### हुकुमचंद मिल की देनदारी निपटाने को मिलेगी मंजूरी

इंदौर स्थित नगर निगम इंदौर के स्वामित्व वाली हुकुमचंद मिल की जमीन पर हुकुमचंद मिल (परिसमापन के अंतर्गत) देनदारियों के निपटान और भूमि पर नई परियोजना के क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई है। इससे बीस से 25 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। 17.52 हेक्टेयर जमीन थी। 450 करोड़ रुपए की देनदारी थी और उसका पैसा भी हाउसिंग बोर्ड ने दी है। अब उस जमीन पर वर्ल्ड क्लास कंस्ट्रक्शन की तैयारी थी। नगर निगम ने इसके लिए प्रस्ताव दिया है जो अब हाउसिंग बोर्ड को ट्रांसफर होगी। त्रिपक्षीय समझौता हुआ है। साढ़े से चार हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट होगा और दस हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। जीएसटी भी सरकार को मिलेगा। इसमें कॉमर्शियल और रेसीडेंशियल कंस्ट्रक्शन करने के साथ शहर के बीच की जमीन होने के कारण ग्रीनरी का भी ध्यान रखा जाएगा।

### ड्रोन पॉलिसी को मिली मंजूरी

मोहन सरकार ने आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति 2025 जारी कर दी है। विजयवर्गीय ने कहा कि, ड्रोन समाज के हर वर्ग से जुड़ गया है। कानून व्यवस्था का मामला हो या महाकुंभ जैसे आयोजन हों, खेती किसान सब जगह ड्रोन काम कर रहा है। किसानों को यूरिया के छिड़काव में भी यह काफी मददगार है। ड्रोन स्कूल, ड्रोन इन्फ्रास्ट्रक्चर, परिचालन, मार्केटिंग सपोर्ट, पेंटेंट, ड्रोन कौशल, पारिस्थितिक तंत्र समेत अन्य मामलों में ड्रोन नीति को मंजूरी दी गई है। एजुकेशन में भी ड्रोन को शामिल किए जाने पर सरकार का फोकस है। इससे नए अवसर मिलेंगे और प्रदेश के विकास व रोजगार में यह नीति सहायक होगी

### राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

# सभी राजस्व अधिकारी पूर्ण लगन एवं मेहतन से ईमानदारी के साथ सुचितापूर्वक कार्य करें : कलेक्टर आशीष सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने यहां सभी अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी पूरी लगन, मेहनत, ईमानदारी, कर्मठता के साथ सुचितापूर्वक पारदर्शी रूप से कार्य करें। सभी अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में करें। अपने कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी तरह की लापरवाही तथा उदासिनता नहीं बरतें। उदासिनता और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही तथा उदासिनता बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।**



बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, श्रीमती ज्योति शर्मा, रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी, श्रीमती निशा डामोर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने विवादित तथा अविवादित नामांतरण और बटवारा, सीमांकन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की अधिकारीवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी राजस्व प्रकरण निर्धारित समय-सीमा में निराकृत किया जाये। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे कि आवेदकों को परेशान नहीं होना पड़े। उनका कार्य सहजता के साथ पारदर्शीय रूप से हो। उन्हें अपने कार्यो के लिये भटकना नहीं पड़े। उन्होंने निर्देश दिये कि पटवारी सप्ताह के निर्धारित दिनों में एक निश्चित पंचायत में उपस्थित रहें, ऐसी व्यवस्था बनाई जाये। यह तय किया जाये कि पटवारी प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और गुरूवार को एक निश्चित पंचायत में पूरे दिन कार्यालयीन समय में मौजूद रहे और आवेदकों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन पर नियंत्रण भी रखें, जिससे कि वे अनुशासित होकर आमजन के कार्य सहजता के साथ करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी आरसीएमएस पोर्टल में राजस्व प्रकरण अनिवार्य रूप से दर्ज करें। कोई भी प्रकरण दर्ज होने से वंचित नहीं रहे। अगर एक प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज होने के बगेर पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। राजस्व प्रकरण समय-सीमा में निराकृत किये जाये। बेवजह कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहे। सभी अपर कलेक्टर अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यो की एक्टिव मॉनिटरिंग करें। अधीनस्थ कोर्ट का निरीक्षण भी करें। उन्होंने डायवर्सन सहित अन्य राजस्व वसूली पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। कहा कि वित्तीय वर्ष के मात्र दो माह शेष है, लक्ष्य पूर्णता के लिये तेजी से कार्य करें।

# जनसुनवाई में सैकड़ों आवेदकों की सुनी गई समस्या-मौके पर किया गया आवेदनों का निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुयी। इस जनसुनवाई में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही यथा संभव निराकरण किया। जो समस्या निराकृत नहीं हो सकी उनके निराकरण के लिये समय-सीमा तय कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में भी दिव्यांगों की समस्याओं को विशेष रूप से सुना गया। जनसुनवाई में आज लोगों ने आवास, इलाज, शिक्षा और रोजगार के लिए मदद संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में लोगों ने सम्पत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद, कॉलोनियों में प्लाट नहीं मिलने आदि के संबंध में भी आवेदन दिये। जनसुनवाई में सैंकड़ों नागरिकों की समस्याओं का सुनकर उनका निराकरण किया गया। जरूरतमंद व्यक्तियों को इलाज की तत्कालिक सहायता के रूप में रेडक्रास से आर्थिक मदद भी दी गई।

# विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर योद्धाओं का किया गया सम्मान

### शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रतिवर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना एवं बेहतर चिकित्सा प्रदान करना है। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में आरोग्य भारती के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दिगपाल धारकर सर्जिकल ऑकोलॉजिस्ट एवं फाउंडर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ हेड एंड ऑकोलॉजी, विशेष अतिथि डॉ. एस एस नैय्यर ऑकोलॉजिस्ट, सीईओ रमन फाउंडेशन कैंसर केयर ट्रस्ट एवं वक्ता के रूप में डॉ. अखलेश भार्गव, विभाग अध्यक्ष शल्य तंत्र एवं संचालक आयुर्वेद कैंसर यूनिट शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजीत पाल सिंह चौहान, प्रधानाचार्य द्वारा की गई।**

कार्यक्रम में आरोग्य भारती इंदौर महानगर के कार्य अध्यक्ष वैद्य लोकेश जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान धन्वंतरि की वन्दना से की गई। प्राचार्य द्वारा तुलसी के पौधे देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने व्याख्यान में बताया कि कैंसर में जागरूकता की बहुत आवश्यकता है एवं सभी चिकित्सा पद्धतियों के सहयोग से कैंसर के मरीजों को जल्दी लाभ पहुंचाया जा सकता है। इस बार विश्व कैंसर दिवस की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनिक' रखी गई है, जिसमें कैंसर रोगियों के इलाज के दौरान उनके अनुभव एवं कहानियों को केंद्र में रखा गया है। कार्यक्रम में कैंसर रोगियों ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर कैंसर की लड़ाई लड़ चुके एवं स्वस्थ हो चुके कैंसर योद्धाओं का एवं उनके परिवार जनों का कैंसर योद्धा सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता वर्मा के द्वारा किया गया। कन्वेयर के रूप में डॉ. शेखर पटेल उपस्थित थे। डॉ. आशीष तिवारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर, डॉक्टर एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात डॉक्टर्स ने कैंसर के प्रति अपनी शंकाओं का समाधान किया।

## मात्र 150 रुपये डायलिसिस की सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** इंदौर जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में रेडक्रास के माध्यम से जरूरतमंदों के लिये विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी सिलसिले में डायलिसिस एवं थैलेसिमिया से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिये प्रकल्प सुश्रुत रेडक्रॉस के तहत डायलिसिस एवं थैलेसिमिया सेंटर चलाया जा रहा है। इस सेंटर में मात्र 150 रूपये डायलिसिस की सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। यह सेंटर कल्याणमल बद्रीप्रसाद गर्ग परमार्थिक ट्रस्ट द्वारा संचालित है। अधिक जानकारी के लिये फोन नम्बर 0731-4963159 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिलाबदर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। इस सिलसिले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने एक आरोपी को जिलाबदर करने के आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार किशनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले राहुल पिता तोताराम पटेल को जिलाबदर किया गया है। इसे आगामी 06 माह की कालावधि के लिए इन्दौर जिला एवं उससे लगे हुए अन्य सीमावर्ती जिले उज्जैन, देवास, धार, खरगोन एवं खण्डवा जिले की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश जारी किये गए है।

## दिन के तापमान में 4 डिग्री का उछाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर में फरवरी का तीसरा दिन काफी गर्म रहा। इस दौरान 24 घंटों में दिन का तापमान 4 डिग्री उछलकर 32.5 (+5) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई और 16.6 (+5) डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तरह दिन और रात का तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। मंगलवार सुबह से मौसम साफ है और ठण्ड का असर नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों ने दो दिन बाद तापमान में गिरावट के आसार जताए हैं।

# दूध विक्रेताओं को फैट (वसा) मापक यंत्र प्रतिष्ठान पर रखना अनिवार्य

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने जारी किये प्रतिबंधात्मक आदेश

### आदेश के उल्लघंन पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने इन्दौर जिले में अपमिश्रित व मिलावटी दूध के उपयोग से होने वाले संक्रामक रोगो की रोकथाम, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अपमिश्रित एवं मिलावटी दूध के विक्रय की रोकथाम एवं उस पर नियंत्रण के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। इस आदेश के अनुसार दूध में मिलावट की पहचान हेतु प्रत्येक दूध विक्रेता को फैट (वसा) मापक यंत्र प्रतिष्ठान पर अनिवार्य रूप से रखना होगा।**

जारी आदेशानुसार इन्दौर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में समस्त दुग्ध विक्रेता/डेयरी संचालक अपने प्रतिष्ठान में फैट (वसा) एवं एस.एन.एफ. मापक यंत्र अनिवार्य रूप से रखना होंगें। समस्त दुग्ध विक्रेता/डेयरी संचालक विक्रय किए जा रहे दूध में फैट एवं एस.एन.एफ. की खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के अनुसार निर्धारित/मानक मात्रा एवं वर्तमान दुग्ध पदार्थ में उपस्थित मात्रा को इलेक्ट्रानिक रूप से डिस्प्ले पर अथवा सूचना पटल पर लिखकर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे। समस्त दुग्ध विक्रेता/डेयरी संचालक उपभोक्ताओं के चाहे जाने पर उनके समक्ष ही दूध का परीक्षण कर फैट एवं एस.एन.एफ. की मात्राओं से अवगत करायेंगे। समस्त दुग्ध विक्रेता/डेयरी संचालक मापक यंत्र के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण आवश्यकता अनुसार उपभोक्ताओं को प्रदान करेंगे। समस्त दुग्ध विक्रेता/डेयरी संचालक जिनके द्वारा डोर-टू-डोर दूध सप्लाई की जाती है वे अपने साथ मापक यंत्र रखना अथवा दूध के डिब्बों/केन पर फैट एवं एस.एन.एफ. की मात्रा प्रतिदिन दिनांक के साथ अनिवार्य रूप से उल्लेखित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। समस्त दुग्ध विक्रेता/डेयरी संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के अनुसार प्रतिदिन दूध आवक एवं विक्रय का रिकार्ड का संधारण करना अनिवार्य है। साथ ही उक्त रजिस्टर में फैट एवं एस.एन.एफ. की जानकारी भी अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। उक्त समस्त बिन्दुओं के पालन के संबंध में जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जांच की जायेगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। आदेश का उल्लघंन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के तहत कार्रवाई की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है और आगामी 3 अप्रैल 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

# नकली नोट बनाने की मशीनें पकड़ाई, 6 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पुलिस ने नकली नोट चलाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के मुख्य सरगना सहित कुल 6 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस ने आरोपियों से लाखों रुपए के नकली नोट सहित नोट बनाने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। आरोपी बीस लाख से अधिक रुपयों के नकली नोट चला चुके हैं।**

सहायक पुलिस आयुक्त विजय नगर आदित्य पटले ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि लसूड़िया क्षेत्र अंतर्गत एक गिरोह इस समय सक्रिय है जो नकली नोट मार्केट में चला रहा है तथा इन्हीं का एक सदस्य नकली नोट लेकर देवास नाका के पास खड़ा है। प्राप्त सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय अमित सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस पर थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर, योजना बना कार्यवाही के लिए लगाया गया। गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए देवास नाका के पास से संदिग्ध आरोपी शुभम उर्फ पुष्पांशु रजक को पकड़ कर आरोपी से पांच सौ रुपये के कुल 46 नकली नोट जप्त किए गए। आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि उक्त नोट नसरुल्लागंज निवासी महिपाल उर्फ मोहित बेड़ा से खरीदे हैं। जिसके आधार पर आरोपी महिपाल उर्फ मोहित बेड़ा को नसरुल्लागंज जिला सीहोर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिपाल से पूछताछ में जानकारी मिली कि उपरोक्त नोट नागपुर निवासी मनप्रीत द्वारा भेजे गए हैं तथा आरोपी महिपाल ने अभी तक 20 लाख के नकली नोट मनप्रीत से खरीदे हैं जिन्हें आरोपी अनुराग चौहान निवासी रहठी जिला नसरुल्लागंज तथा मोहसिन खान निवासी खजराना इंदौर को बेचे हैं।



### गिरफ्तार आरोपी

1. मलकीत सिंह विर्क उम्र 28 साल निवासी चोक्स कालोनी कामटी रोड नागपुर महाराष्ट्र
2. मनप्रीत सिंह विर्क उम्र 26 साल निवासी चॉक्स कालोनी कामटी रोड नागपुर महाराष्ट्र
3. महिपाल उर्फ मोहित बेड़ा उम्र 22 साल निवासी डांडिया वास तहसील भाड़ा जिला जोधपुर हाल निवासी शास्त्री कालोनी नसरुल्हगंज जिला सीहोर
4. अनुराग सिंह चौहान उम्र 22 साल निवासी होली टेकरा ग्राम रेटी जिला सीहोर
5. मोहसिन खान उम्र 24 साल निवासी दाऊदी नगर खजराना इंदौर
6. शुभम उर्फ पुष्पांशु रजक उम्र 26 साल निवासी 1009 पु मछरी थाना लाडगंज जिला जबलपुर वर्तमान निवासी स्कीम 136 इंदौर

### जब्त सामान

1. एचपी तथा केनन कंपनी के 3 लेजर प्रिंटर
2. जेके कंपनी के ए 4 साइज के 85 जीएसएम कागज जिन पर 500 व 200 रुपए के नकली नोट छपे हैं
3. दो लिमिनेशन मशीन
4. नोट पर आरबीआई की पट्टी चिपकाने हेतु चमकीली पन्नी
5. एक एचपी कंपनी का लैपटॉप
6. नोट कटिंग हेतु छोटी कांच की टेबल
7. सफेद वाटरमार्क इंक
8. 500 के कुल 70 नोट

### मुख्य सरगना महाराष्ट्र से पकड़ाया

उक्त जानकारी के आधार पर आरोपी मोहसिन निवासी खजराना इंदौर एवं आरोपी अनुराग चौहान निवासी रेहटी जिला सीहोर को भी गिरफ्तार किया गया व आरोपियों से नकली नोट बरामद किए गए। बाद में प्रकरण के मुख्य सरगना मनप्रीत सिंह विर्क निवासी नागपुर महाराष्ट्र को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथी मलकीत सिंह विर्क के साथ किराए के लिए हुए फ्लैट पर उक्त नकली नोट बनाता है जिसके संपूर्ण उपकरण आरोपी मलकीत सिंह के घर पर छिपाकर रखे हैं। आरोपी मलकीत सिंह की निशादेही पर नकली नोट बनाने के उपकरण जप्त किए। जिसमें 3 लेजर कलर प्रिंटर, 2 लैमिनेशन मशीन, ए फोर साइज के 85 जीएसएम कागज जिन पर 500 व 200 रुपए के नोट छपे हुए हैं तथा नोट बनाने में प्रयुक्त होने वाली वॉटरमार्क व्हाइट इंक आदि सामग्री जप्त की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अभी तक 20 से 22 लाख के नकली नोट तैयार कर बेचे हैं। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनको न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड लिया गया है जिनसे और अधिक पूछताछ की जा रही है।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप

## पार्षद कालरा और तीन अधिकारियों के खिलाफ जमानती वारंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जाति प्रमाण पत्र मामले की जांच पूरी नहीं करने पर कोर्ट की अवमानना में हाई कोर्ट ने भाजपा पार्षद कमलेश कालरा, प्रमुख सचिव (पिछड़ा और अल्पसंख्यक विभाग), कमिश्नर (पिछड़ा और अल्पसंख्यक विभाग) और एसडीएम जूनी इंदौर के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है।**



मामले में याचिका वार्ड 65 से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे सुनील यादव की ओर से दायर की गई है। इसमें हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट मनीष यादव और करण बैरागी ने तर्क दिया कि कोर्ट के आदेश के छह माह बाद भी पार्षद कालरा के जाति प्रमाण पत्र की जांच में जानबूझकर देरी की जा रही है। पार्षद कालरा पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित वार्ड से चुनाव लड़ने का आरोप है। मामले की जांच लंबे समय से छानबीन समिति कर रही है। आरोप है कि सारे तथ्य सामने आने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। फरवरी 2024 में कोर्ट ने समिति को छह माह में अनिवार्य रूप से जांच पूरी करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद कोर्ट के आदेश की अवमानना की गई। आरोप है कि सत्ता पक्ष के दबाव में निर्णय नहीं लिया गया। इस पर कोर्ट ने 5 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी किया है। अगली सुनवाई 3 मार्च को होगी।

# पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र), इंदौर।** तिलक नगर में पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। चाकू मिलने की सूचना पर पुलिस आरोपी को पकड़ने पहुंची थी। इस दौरान युवक के परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट कर दी। घटना के बाद मौके पर अन्य पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। युवक को पकड़कर थाने ले जाया गया है। पुलिस ने मामले में शासकीय कार्य में बाधा के साथ आर्म्स एक्ट और मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। तिलक नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना स्कीम नंबर 140 के आईडीए बिल्डिंग की है। यहां तिलक नगर थाने के पुलिसकर्मी को बलवीर और अन्य कालू नाम के युवक के पास चाकू मिलने की सूचना मिली थी। कालू को जब चाकू के साथ यहां पकड़ा गया तो उसकी दो बहनों और मां सपना ने पुलिसकर्मियों से विवाद किया। उनसे मारपीट कर दी। काफी देर तक पुलिसकर्मी अकेले अपना बचाव करते रहे। बाद में एफआरवी को सूचना देकर मौके पर बल बुलाया गया। तिलक नगर थाने से और फोर्स भी यहां पहुंचा। जिसके बाद कालू उसकी मां सपना और दोनों बहनों को पकड़कर थाने लेकर आया गया। तिलक नगर पुलिस ने इस मामले में शासकीय कार्य में बाधा के साथ अन्य मामले में कालू और उसके परिजनों पर केस दर्ज किया है।

### एनडीपीएस-आईपीएस स्कूल को तमिलनाडु से आया ई-मेल

# दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी छुट्टी कर खाली कराया स्कूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद दोनों स्कूलों में बच्चों की छुट्टी कर बिल्डिंग खाली करा ली गई है।

जानकारी के अनुसार, इंदौर के खंडवा रोड स्थित एनडीपीएस और राऊ स्थित आईपीएस स्कूल को मंगलवार सुबह 5.59 बजे बम से उड़ाने की धमकी मिली है। राऊ स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल परिसर में सुबह करीब 9.30 बजे स्टूडेंट्स को अचानक घर जाने के लिए कहा गया। कोई कुछ समझ पाता उसके पहले ही बसों में बच्चों को बैठाकर घर रवाना कर दिया। बता दें कि दोनों स्कूलों में 5 हजार से ज्यादा बच्चे हैं। राजेंद्र नगर थाना टीआई नीरज बिरथरे के मुताबिक दोनों स्कूलों से सूचना मिलते ही पुलिस बल पहुंच गया था। छात्रों में अफरा तफरी मची थी। पुलिस ने मौके पर जाकर मोर्चा संभाला और हर जगह की तलाशी ली। वहां जांच में कुछ नहीं मिला है। स्कूल प्रबंधन को धमकी भरा ई-मेल तमिलनाडु से आया है। टीआई बिरथरे ने बताया, बीडीएस (बम डिस्पोजल स्क्वॉड) की टीम मौके पर जांच कर रही है।



पूरे थाने के 20 से ज्यादा जवान चेकिंग कर रहे हैं। प्रारंभिक रूप से फर्जी ई-मेल लग रहा है। इसे भेजने वाले का पता लगा रहे हैं। बच्चों और उनके परिजनों को घबराने की जरूरत नहीं है। बताया जा रहा है कि स्कूल और परिसर में लगने वाले कॉलेज के छात्रों ने अपने पेरेंट्स को फोन करके बताया कि संभवतः स्कूल को किसी तरह की धमकी मिली है। हजारों स्टूडेंट्स को ताबड़तोड़ बाहर निकाल दिया गया। बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स स्कूल के सामने की लाइन में स्थित मंदिर परिसर में जमा हो गए थे। एनडीपीएस में दूसरी शिफ्ट में आए बच्चों को स्कूल मैदान के बाद क्लास में नहीं जाने दिया और वापस बस में बैठाकर घर भेज दिया गया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया, ईमेल तमिल भाषा में आया है। इसे हिंदी और इंग्लिश में कन्वर्ट कराया जा रहा है। ईमेल में लिखा था कि स्कूल में आरडीएक्स फिट कर दिया है। पूरा स्कूल दोपहर 1.30 बजे बम से उड़ जाएगा। इसलिए बच्चों को तत्काल वहां से निकालिए। यह ईमेल gundakulam_jagan@hotmail.com एड्रेस से आया है। इसमें कुछ शब्द तमिल भाषा में भी लिखे हैं। एनडीपीएस की छात्रा श्वेता खत्री ने बताया कि हमें दो पीरियड के बाद बाहर निकाल दिया गया था। हमें तो बाहर आने के बाद पता चला कि किसी धमकी के बाद स्कूल खाली कराया गया है। हालांकि, मॉक ड्रिल की बात इसलिए कही होगी कि बच्चे घबराएं नहीं। इसके बाद पेरेंट्स को जैसे-जैसे सूचना पहुंची, वो आते गए और बच्चों को घर ले गए। करीब 4 महीने पहले इंदौर के देवी अहिल्या बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद एयरपोर्ट सहित पूरे इलाके में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई थी। एयरपोर्ट के सिक्योरिटी इंचार्ज की ऑफिशियल आईडी पर आए ई-मेल में एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

# भिखारी को कार वाला दे रहा था भीख थाने पहुंच गया फोटो और दर्ज हो गया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर में भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान के तहत महिला व बाल विकास विभाग के भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल ने भिक्षा देने के मामले में दूसरा प्रकरण दर्ज किया है। स्कीम-78 स्थित बावड़ी हनुमान मंदिर के पास कार चालक को 10 रुपये की भिक्षा देते हुए टीम ने कैमरे में कैद कर लिया और लसूड़िया थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। उल्लेखनीय है कि 2 जनवरी को कलेक्टर आशीष सिंह ने भिक्षा मांगने और देने वाले दोनों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने संबंधित निर्देश जारी किए थे। विभाग द्वारा इंदौर को भिक्षा मुक्त बनाने के लिए गत वर्ष अभियान शुरू किया था। पहले जागरूकता फिर भिक्षुकों को समझाइश दी गई। इसके बाद भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों का रेस्क्यू किया गया। अब भिक्षावृत्ति रोकने के लिए सीधे आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाया जा रहा है। ताजा मामला सोमवार सुबह 10.15 का है। विजयनगर के लसूडिया थाना क्षेत्र स्थित बावड़ी बालाजी मंदिर स्कीम नंबर-78 में मंदिर के समक्ष बैठे भिक्षुक को कार एमपी 09 सीक्यू 4477 के चालक द्वारा 10 रुपए की भिक्षा दी गई।

# रेस्टोरेंट संचालक से शेयर मार्केट के नाम पर ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रूपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी शेयर मार्केट में निवेश कराता है। यहीं से उसकी पहचान हुई थी। इसके बाद साथियों की मदद से उसने ठगी की।**

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, अखिलेश शर्मा निवासी न्यू पंचशील नगर की शिकायत पर हर्ष सोलंकी, साहिल नागवंशी, शीतल मोटघरे और हर्षिता इटवाल पर फर्जीवाड़े को लेकर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अखिलेश की नाश्ते की दुकान है। उससे दो साल पहले हर्ष सोलंकी की पाटनीपुरा पर पहचान हुई। उसने शेयर मार्केट में निवेश को लेकर प्लान बताया। हर्ष ने इस दौरान मार्केट में निवेश करने के नाम पर अलग-अलग तारीखों में रुपए लिए। जो अखिलेश ने पेटीएम पर ट्रांसफर किए। लेकिन बाद में पता चला कि हर्ष ने वह रुपए शेयर मार्केट में निवेश नहीं किए। न ही वापस किए। अखिलेश ने पुलिस को बताया कि हर्ष ने शेयर मार्केट में डीमेट अकांउट खोलने की बात कही। उससे पूरे डॉक्यूमेंट भी लिए। लेकिन डीमेट अकांउट नही खोला। इसके बाद हर्ष से रुपए मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। आरोप ने पाटनीपुरा में एक आफिस खोला है। जिसमें युवक युवतियों को बैठाकर ट्रेंडिंग के नाम पर कॉलिंग कर उनसे ठगी करता है। उक्त कंपनी में अखिलेश के पता करने पर कई लोगों से ठगी की जानकारी मिली। इसके बाद अखिलेश ने थाने जाकर मामले में केस दर्ज कराया है।

प्रदेश के कुल 48 लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र में से 40 लाख हैक्टेयर माँ नर्मदा है सिंचित

# चैतन्य है मां नर्मदा की धारा, इसके दर्शन से होते हैं सभी धन्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा की धारा चैतन्य है, इसके दर्शन मात्र से ही सभी धन्य होते हैं। माँ नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है। प्रदेश का सिंचाई रकबा 48 लाख हेक्टेयर से अधिक है, जिसमें से 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मां नर्मदा के जल से सिंचाई होती है। पारस पत्थर जैसे लोहे को सोना कर देता है, वैसे ही जल के पहुंचते ही सूखे खेत भी सोना ऊगलने लगते हैं। राज्य सरकार प्रदेश में सिंचाई के रकबे का तेजी से विस्तार कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए एक लाख 75 हजार करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है, इससे प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-काली सिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं आरंभ होंगी। इन परियोजनाओं से एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरदा जिले के छीपानेर में नर्मदा तट पर वेदगर्भा घाट के लोकार्पण अवसर पर संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा जिले में एक नई आईटीआई संस्था स्वीकृत करने और गोंदागांव में सरकारी खर्चे पर सर्वसुविधा युक्त गौशाला स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने 316 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम में डारा इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पप्पू राम विश्नोई ने इस अवसर पर वैदिक विद्या पीठम् चिचोट के विकास के लिये 1 करोड़ रूपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रख्यात विचारक श्री सुरेश सोनी, प्रदेश के सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नर्मदापुरम् सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री श्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेन्द्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री भारती राजू कमेडिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत पूर्व विधायक श्री संजय शाह, श्री प्रेम कुमार, स्वामी श्री नित्य चैतन्य दास जी महाराज सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा में हुई अग्नि दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी विपदा में फंसे व्यक्तियों को तत्काल समुचित इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस दुर्घटना के एक माह बाद ही राज्य सरकार द्वारा दूरदराज के घायल व्यक्तियों के लिए निःशुल्क एयर एंबुलेंस संचालित करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में जहां हवाई पट्टी है, वहां विमान से और अन्य स्थानों पर हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराने की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की गई। गरीबों को भी समय पर इलाज मिले इसके लिए निःशुल्क हवाई जहाज/हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है।

### 316.20 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण/भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में 316.20 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। इसमें 130.32 करोड़ रूपये लागत 21 कार्यों का भूमि-पूजन तथा 185.87 करोड़ रूपये लागत के 97 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम चिचोट कुटी में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा नर्मदा नदी के तट पर 11.07 करोड़ रूपये लागत से बनवाये गये घाट निर्माण का अवलोकन कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के 3, लोक निर्माण विभाग के 2, पीआईयू के 6, स्वास्थ्य विभाग के 3, नगरीय प्रशासन विभाग के 3 तथा विद्युत वितरण कम्पनी के 4 कार्य सहित 21 कार्यों का भूमि-पूजन हुआ। इसी तरह जिन 97 कार्यों का लोकार्पण किया गया, उनमें महिला एवं बाल विकास विभाग के 3, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 4, लोक निर्माण विभाग के 29, पीआईयू के 6, सेतु विकास निगम का 1, लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के 52 तथा विद्युत वितरण कम्पनी व नर्मदा घाटी विकास विभाग के 1-1 कार्य शामिल है।

## राऊ-खलघाट फोरलेन पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर ट्राले से भिड़ी कार

2 की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुजरी, एजेंसी**। राऊ-खलघाट फोरलेन के पलाश चौराहा पर देर रात करीब 3 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। इंदौर की तरफ से आ रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर आगे चल रहे ट्राले से टकरा गई। हादसे में कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

घायलों को प्राथमिक उपचार कर इंदौर के लिए रेफर किया गया। शवों का सुबह पोस्टमार्टम किया जा रहा है। वहीं, मौके पर धामनोद पुलिस पहुंची। इंदौर की तरफ से आकर धामनोद की तरफ जा रही कार क्र. एमपी 09 डीबी 1024 पलाश चौराहा पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर आगे चल रहे ट्राले से जा टकराई। कार में सवार लोग कार में ही दब गए। ग्रामीणों ने गेट व कांच फोड़कर भारी मशक्कत के बाद लोगों को बाहर निकाला। एम्बुलेंस की मदद से सभी को उपचार के लिए धामनोद अस्पताल भेजा गया। हादसे में मदन पिता गोपाल राजपुरा, हर्ष पिता संजय की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं, गंभीर रूप से आनंद पिता बद्रीलाल, नारायण पिता बाबूलाल, प्रशांत पिता भेरूलाल निवासी राजपुरा अमझेरा घायल हुए। तीनों घायलों को इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया। वहीं, दोनों मृतकों का सुबह पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

## बाघिन और सूअर का कुएं से एक साथ रेस्क्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी**। सिवनी में पेंच नेशनल पार्क में एक बाघिन और सूअर कुएं में गिर गए। बाघिन शिकार करने के लिए सूअर के पीछे भाग रहा था। इसका पता तब चला जब ग्रामीण मंगलवार सुबह पानी भरने कुएं के पास पहुंचे।

घटना जिकुरई वन क्षेत्र के पिपरिया हरदुली गांव की है। कुएं में सूअर और बाघिन पानी से बाहर निकलने के लिए छटपटा रहे थे। वन विभाग की टीम और पुलिस ने मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद दोनों का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। टीम ने जब खटिया और पिंजरा कुएं में डाला तो बाघिन और सूअर दोनों खटिया पर चढ़ गए। शिकार के लिए जो बाघिन सूअर के पीछे भाग रहा था, वही कुएं में उसके जबड़े सामने था, लेकिन बाघिन ने उस पर हमला नहीं किया। बाघ और सूअर को साथ देखकर ग्रामीण भी हैरान रह गए। रेस्क्यू टीम ने खाट को रस्सी से उल्टा बांधकर कुएं में डाला। बाघिन पानी में तैरते हुए काफी थक गई थी, खाट को देखते ही वह उस पर आकर बैठ गई। के डालते ही वह अपनी थकान दूर करने के लिए खाट पर आकर बैठ गया। रेस्क्यू टीम ने हाइड्रोलिक क्रेन मशीन और जेसीबी बुलाई। लोहे के पिंजरे को हाइड्रोलिक क्रेन में बांधकर कुएं में डालकर बाघिन के पास ले जाया गया। रस्सी से पिंजरे का गेट खोल दिया। बाघिन काफी देर तक खाट पर ही बैठी रही, वह पिंजरे में नहीं जाना चाह रही थी। टीम की काफी कोशिशों के बाद बाघिन पिंजरे में चली गई। टीम के तुरंत गेट बंद कर दिया।



## कलेक्ट्रेट में किसान ने डाला केरोसिन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी**। रतलाम कलेक्ट्रेट में मंगलवार दोपहर को एक किसान ने खुद पर केरोसिन डाल लिया। इस दौरान तुरंत पास खड़े पुलिसकर्मियों ने उससे केरोसिन की बोतल छिन ली। किसान का आरोप है कि उसके पिता ने उनकी जमीन को फर्जी तरीके से बेच नामांतरण करवा दिया। जबकि, पिता का कहना है कि उसने अपनी मर्जी से जमीन बेची है। उसका अपने बेटों से विवाद चल रहा है। वह उनके साथ मारपीट करते है और खाना भी नहीं देते है। जानकारी के अनुसार, नामली निवासी किसान दशरथ पिता रामचंद्र अपने भाईयों गोपाल, नंदराम, विक्रम व ईश्वर व उनके परिजनों के साथ जमीन विवाद को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने आया था। इस दौरान गांव हतनारा के किसान भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में स्प्रे छिड़कने लहसुन की फसल खराब होने का ज्ञापन देने आए थे। तहसीलदार ऋषभ ठाकुर किसानों की समस्या सुन रहे थे। इसी दौरान किसान दशरथ के भाई वहां आकर कहने लगे कि जनसुनवाई में दो माह से आ रहे है। हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। तभी दशरथ ने अपने शरीर पर केरोसिन डाल लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत देखते ही बोतल छिनी और उसे एक तरफ ले जाकर समझाया।



## प्राइवेट बिल्डर के EWS घरों पर भी अब 2.50 लाख का अनुदान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 को स्वीकृति दी गई। इसमें पांच साल में 10 लाख आवास बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस बार पीएम आवास में दूसरे शहरों से कामकाज करने, पढ़ने आने वाले लोगों को सस्ते घर उपलब्ध कराने का भी प्रावधान किया गया है। इसके अलावा निजी बिल्डर के ईडब्ल्यूएस घरों पर भी अब 2.20 लाख रुपये की सब्सिडी दी जाएगी।  मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।

## संपादकीय

### आयकर छूट से दिल्ली चुनावों पर पड़ेगा असर

दिल्ली विधानसभा चुनाव के महज चार दिन पहले आए आम बजट के कुछ प्रावधानों को वोटरों को लुभाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। सबसे ज्यादा चर्चा सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वालों को आयकर से मुक्त करने की घोषणा की हो रही है। इसे मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा है। बात यहीं तक सीमित नहीं हैं। चुनावी रैलियों में BJP के शीर्ष नेताओं के भाषणों को देखें तो लगता है कि बजट के दूसरे कई प्रावधान भी दिल्ली चुनावों को ध्यान में रखते हुए तय किए गए हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लिए करोड़ों की परियोजनाएं देकर दिल्ली में बसे इन इलाकों से आए लोगों को खुश कर दिया है। वे पूर्वांचली और मध्य वर्ग का साथ में नाम ले रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री के भाषण भी ऐसा संकेत देते हैं कि वे बजट घोषणाओं को राहत व कल्याणकारी वादों की तरह ही ले रहे हैं। दिल्ली चुनाव में अपनी आखिरी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना आमदनी को टैक्स मुक्त करने के फैसले का जिक्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये सीधे खाते में भेजने के BJP के वादे के साथ किया। दिल्ली के लोगों की आमदनी का विश्लेषण किया जाए तो इस धारणा को बल मिलता है कि मोदी सरकार ने यह दांव समझ-बूझ कर खेला है। यहां सालाना औसत आमदनी 4 लाख 61 हजार है, जो राष्ट्रीय औसत आमदनी से ढाई गुना ज्यादा है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि दिल्ली में 85% काम करने वाले सेवा क्षेत्र में हैं। तो यह तो स्पष्ट है कि दिल्ली में एक बड़ा मध्यवर्ग है। सवाल उठता है कि यह मध्य वर्ग कितना बड़ा है? अगर एक सर्वे पर गौर करें तो राजधानी के 72% लोग अपने को मध्य वर्ग का हिस्सा मानते हैं। इनमें से 44% का ख्याल है कि वे निम्न मध्य वर्ग के हैं। दूसरे शब्दों में सिर्फ 28% लोगों को लगता है कि वे उच्च मध्य वर्ग से आते हैं। स्पष्ट है कि टैक्स का यह स्लैब एक कैटिगरी बना सकता है, जिसमें दिल्ली के वोटरों का एक बड़ा हिस्सा आ जाता है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के भाषणों पर नजर डालने से यह भी साफ होता है कि वे टैक्स राहत वालों को भी लाभार्थियों की श्रेणी में रखना चाहते हैं। सवाल है कि क्या एक टैक्स स्लैब में आने वाले ये लोग बतौर वोटर भी अपनी एक पहचान बनाते हैं और क्या वे इस पहचान के आधार पर वोट देंगे?

## ज्ञान-विज्ञान

# विशालकाय एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने का अंदेशा...

## भारत समेत दक्षिण एशिया में मचा सकता है तबाही, ऐक्शन में संयुक्त राष्ट्र



धरती की तरफ बढ़ते एक विशाल एस्टेरॉयड (क्षुद्रग्रह) ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। संयुक्त राष्ट्र के खगोलविद इस क्षुद्रग्रह पर नजर रख रहे हैं, जिसके पृथ्वी से टकराने का अंदेशा जताया गया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कहा है कि एस्टेरॉयड के 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी के पास सुरक्षित रूप से गुजरने की 99 फीसदी संभावना है लेकिन बाकी एक फीसदी टकराव की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है। ऐसा कोई भी टकराव एक बड़ी तबाही का सबब बन सकता है। इस तबाही की जद में दक्षिण एशिया के देश (भारत-पाकिस्तान और आसपास के मुल्क) भी आ सकते हैं।

इस क्षुद्रग्रह का नाम 2024 YR4 है, जिसका आकार 40 से 90 मीटर के बीच है। ईएसए का कहना है कि इसके सुरक्षित रूप से पृथ्वी से टकराव की संभावना 1.3 फीसदी आंकी गई है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र की ग्रह रक्षा संस्थाएं एक क्षुद्रग्रह की बारीकी से निगरानी कर रही हैं। खगोलविद फिलहाल क्षुद्रग्रह के आकार और गति की गणना कर रहे हैं। इसे टोरिनो इम्पैक्ट हैजर्ड स्केल पर 3 का दर्जा दिया गया है।

### अगर टकराव हुआ तो मचेगी तबाही

एक्सपर्ट का कहना है कि यह एस्टेरॉयड अगर पृथ्वी से टकराता है तो इसमें परमाणु बम जितनी तबाही मचाने की शक्ति होगी। यह किसी आबादी वाले इलाके में गिरता है तो इससे गंभीर नुकसान होगा। हालांकि यह अधिक संभावना है कि YR4 समुद्र या धरती के किसी दूरस्थ भाग में गिरेगा। इस समय यह पृथ्वी से बहुत दूर है। अभी ये तय करना मुश्किल है कि टकराव की स्थिति में इससे क्या प्रभाव होगा।

रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के डॉक्टर रॉबर्ट मैसी का कहना है कि अभी इस बारे में ज्यादा चिंता नहीं है, लोगों को भी घबराने की जरूरत नहीं है। नासा ने 2022 में डार्ट मिशन के जरिए एक क्षुद्रग्रह का रास्ता सफलतापूर्वक बदला था। ऐसे में अगर YR4 का धरती से टकराव का खतरा बना रहता है तो संयुक्त राष्ट्र की टीमें इस पर कार्रवाई करने के विकल्पों पर विचार करेंगी।

### 'अभी घबराने की जरूरत नहीं'

रॉबर्ट मैसी कहते हैं कि हमें घबराना नहीं है लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। फिलहाल खगोलविदों को इस तरह के खतरों को ट्रैक करने के लिए जरूरी संसाधन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि YR4 को टोरिनो इम्पैक्ट हैजर्ड स्केल पर 10 में से 3 का दर्जा मिला है। धरती से टकराव तभी निश्चित होता है जब यह 8, 9 या 10 तक पहुंच जाता है। YR4 फिलहाल में सीधी रेखा में पृथ्वी से दूर जा रहा है। इससे पृथ्वी की ओर वापस लौटने से पहले इसकी सटीक कक्षा का सटीक निर्धारण करना मुश्किल हो रहा है।

New Delhi

# रेड लाइन पार कर दी; सैनिक के परिवार पर हमले से गुस्सा, कश्मीर में 500 संदिग्ध पकड़े

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में एक रिटायर्ड सैनिक की आतंकियों ने हत्या कर दी थी और हमले में उनकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हैं। इस घटना के बाद सरकार ऐक्शन में आ गई है। प्रशासन ने रातोंरात छापेमारी की है और बुधवार तक करीब 500 लोगों को हिरासत में लिया गया है या फिर पूछताछ के लिए समन जारी हुआ है। पुलिस ने जिन लोगों को हिरासत में लिया है, उनमें से ज्यादातर के रिश्तेदारों का किसी आतंकी समूह से संबंध है या फिर वे खुद आतंकी हैं। इनमें से कई ऐसे भी हैं, जिनके रिश्तेदार पीओके या फिर पाकिस्तान में हैं और आतंकी मामलों में वांछित हैं। एक पुलिस अधिकारी ने



मीडिया से बताया कि कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लिया गया है और समन जारी हुए हैं। एकदम सटीक आंकड़ा तो नहीं है, लेकिन यह संख्या 500 के करीब हो सकती है।

उन्होंने कहा कि किसी भी आतंकी हमले के बाद इतने बड़े पैमाने पर लोगों को कभी हिरासत में नहीं लिया गया। इस लिहाज से देखें तो यह अब तक का सबसे बड़ा ऐक्शन है। इन लोगों को इसलिए हिरासत में लिया गया है ताकि संदेश दिया जा सके कि अब आतंकी हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे सीमा के इधर की बात हो या फिर उस पार का मसला, कहीं भी आतंकवाद को स्वीकार नहीं करेंगे। अज्ञात हमलावरों ने रिटायर्ड सैनिक मंजूर अहमद वागे और उनकी पत्नी पर गोलीबारी की थी।

Bihar

## भिखारिन की झोपड़ी से मिले दूसरे देशों के सिक्के, रेसिंग बाइक, सोने-चांदी के गहने

### पुलिस भी रह गई भौचक

**मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर में चोरी गई रेसिंग बाइक को ट्रेस करते हुए पुलिस जब एक भिखारी महिला के घर पहुंची तो दंग रह गई. महिला के घर से बाइक समेत विदेशी सिक्के, सोने-चांदी के गहने, 12 मोबाइल फोन मिले. महिला ने पुलिस को बताया कि यह पूरा सामान उसका दामाद चुराकर लाया था. पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल आरोपी दामाद फरार है.**

जिले के करजा थाना इलाके के मड़वन भोज का यह मामला है. रेसिंग बाइक केटीएम की खोजबीन करते हुए पुलिस एक भिखारिन महिला के छोटे से घर में जा पहुंची. जहां बाइक समेत आभूषण, चांदी के सिक्के और दर्जन स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद हुए तो पुलिस महकमा दंग रह गया. महिला की पहचान बिहारी मांझी की पत्नी नीलम देवी के रूप में हुई, जो कि भीख मांगने का काम करती है. महिला ने बताया कि पहले वह गली मोहल्लों में फेरी लगाकर मच्छरदानी बेचा करती थी. इसके अलावा भीख भी मांगती थी. इसी दौरान घरों की रेकी कर लिया करती थी.रेकी के बाद दामाद चुटुक लाल को टारगेट के बारे में खबर देती थी और सास की रेकी पर दामाद बंद घर से माल पार कर देता था. पूछताछ में महिला ने बताया कि घर में मौजूद कीमती सामान दामाद ही चुराकर लाया था. गिरफ्तार महिला के पास से एक चोरी की बाइक समेत आधा किलो चांदी, दर्जनों मोबाइल सेट और विदेशी सिक्के भी बरामद किए गए हैं. पुलिस ने कई अलग-अलग नामी गिरामी कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए हैं.

Karnataka

## एक्ट्रेस गर्लफ्रेंड को गिफ्ट किया तीन करोड़ का घर...बेंगलुरु पुलिस ने दबोचा शातिर चोर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की बेंगलुरु शहर पुलिस ने एक शातिर चोर को अरेस्ट किया है। छोटी सी उम्र से चोरी शुरू करने वाले इस चोर ने देशभर में चोरियों को अंजाम दिया, बेंगलुरु पुलिस ने खुलासा किया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी पंचाक्षरी एस स्वामी के तौर पर हुई है। पुलिस ने खुलासा किया है कि स्वामी ने चोरी से इकट्ठा हुए रुपयों से तीन करोड़ रुपये मूल्य का घर अपनी गर्लफ्रेंड को गिफ्ट किया। जोकि एक अभिनेत्री है। पुलिस के अनुसार आरोपी मूलरूप से महाराष्ट्र के सोलापुर का रहने वाला है। बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंदा ने बताया कि स्वामी ने शहर के मारुति नगर में 9 जनवरी को एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। यहां से स्वामी ने 14 लाख रुपये मूल्य के चांदी के आभूषणों को चोरी किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 200 सीसीटीवी की फुटेज खंगाली गई। इसके बाद सफलता हाथ लगी। पुलिस ने स्वामी के पास से 181 ग्राम सोने के बिस्किट और 33 ग्राम चांदी के आभूषणों के अलावा एक हथियार भी बरामद किया है।

Uttarpradesh

## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर दर्दनाक हादसा, खड़े ट्रक से टकराई कार, तीन युवकों की मौत

**मेरठ। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।**



जानकारी के अनुसार, दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गंगनहर पुल के पास मंगलवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब सहारनपुर की तरफ से एक एक्सयूवी कार तेज रफ्तार से शामली की ओर जा रही थी।

जैसे ही कार नानौता थाना इलाके के जंधेड़ी स्थित गंग नहर पुल के पास पहुंची, तभी सामने खड़े एक ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा ट्रक के नीचे घुस गया।

हादसे के बाद कार में सवार तीनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल तीनों मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

खेल

# हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में खेलेंगे सूर्यकुमार-दुबे, मुंबई टीम में शामिल

**मुंबई।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे को हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए मुंबई की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मुंबई और हरियाणा के बीच आठ फरवरी से मुकाबला होना है। सूर्यकुमार और दुबे हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज का हिस्सा थे जिसे भारत ने 4-1 से अपने नाम किया।



### मेघालय को हराकर नॉकआउट में पहुंची थी मुंबई

मुंबई ने मेघालय को पारी और 456 रनों से हराकर रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। एलीट ग्रुप-ए से नॉकआउट में जगह बनाने वाली जम्मू-कश्मीर दूसरी टीम है। पिछले साल अक्तूबर में महाराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले के लिए सूर्यकुमार मुंबई टीम का हिस्सा थे। वहीं, दुबे जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेले गए उस मैच का हिस्सा थे जिसमें भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा तथा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल थे। मुंबई की टीम यह मैच हार गई थी। मुंबई की टीम हरियाणा के खिलाफ अपना क्वार्टर फाइनल मैच रोहतक के लाहली स्थित चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी। हरियाणा ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा था।

सूर्यकुमार इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में संपन्न हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। कप्तान के तौर पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था, लेकिन बल्लेबाजी में वह प्रभावित नहीं कर सके थे। पांच मैचों में उन्होंने 5.60 के औसत से 28 रन बनाए। सूर्यकुमार इस दौरान दो मैचों में खाता भी नहीं खोल सके थे। मुंबई ने हर्ष तन्ना के रूप में अपनी टीम में एक नया चेहरा भी शामिल किया है। हर्ष ने अभी तक चार लिस्ट ए मैच खेले हैं।

### मुंबई की टीम इस प्रकार है...

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सूर्यकुमार यादव, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान , मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, अथर्व अंकोलेकर, हर्ष तन्ना।

सिनेमा

## सुभाष घई ने बांद्रा वेस्ट में खरीदा 24 करोड़ का लग्जरी अपार्टमेंट, हफ्तेभर पहले बीवी ने बेचा था 12Cr का फ्लैट



बॉलीवुड स्टार्स प्रॉपर्टी में खूब निवेश करते हैं। बीते कई महीनों से अमिताभ बच्चन से लेकर सुभाष घई तक ने अपने अपार्टमेंट करोड़ों रुपये के फायदे में बेचे हैं। अब फिल्ममेकर सुभाष घई ने मुंबई के बांद्रा में एक हाई-एंड अपार्टमेंट खरीदा है। इसकी कीमत 24 करोड़ रुपये बताई जा रही है। उन्होंने हफ्तेभर पहले ही अंधेरी में अपना फ्लैट 12.5 करोड़ रुपये में बेचा था। सुभाष घई और उनकी वाइफ मुक्ता घई ने मुंबई के बांद्रा पश्चिम में 24 करोड़ रुपये में एक हाई-एंड अपार्टमेंट खरीदा है। यह जानकारी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन (IGR) की वेबसाइट पर स्क्वायर यार्ड्स द्वारा समीक्षा किए गए संपत्ति रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स से मिली है। यह सौदा फरवरी 2025 में रजिस्टर किया गया था। ये प्रॉपर्टी एमजे शाह ग्रुप के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट '81 ऑरिएट' में स्थित है, जिसका कारपेट एरिया 4,364 वर्ग फीट (405.42 वर्ग मीटर) और निर्मित क्षेत्रफल (बिल्ड-अपएरिया) 5,239 वर्ग फीट (486.69 वर्ग मीटर) है। इस लेन-देन में तीन कार पार्किंग स्पेस शामिल हैं और इसके लिए 1.44 करोड़ की स्टाम्प फीस पेमेंट और 30,000 का रजिस्ट्रेशन शुल्क देना पड़ा।

## Highlights

1. **Case filed against AAP's Amanatullah Khan for poll code violation**
2. **Non-vegetarian food items must be banned: Shatrughan Sinha**
3. **Jaishankar casts vote in Delhi, says 'public in mood for change'**
4. **AAP MLA Dinesh Mohaniya booked for 'blowing kisses' to woman**
5. **Rajasthan HC shifts siblings' custody to mother over viral video**

# Ola Electric to launch Roadster X electric motorcycle today: Specs and price

**NEW DELHI, (Agency).** Ola Electric Mobility Ltd will unveil its Roadster X of electric motorcycle on Wednesday at 10:30 am.

This comes after the company unveiled its latest Gen 3 S1 electric scooter range on January 31.

The original unveiling of the Roadster series of motorcycles happened in August 2024, but those were of pre-production models. However, the production models of the Roadster X are now ready and the actual launch will be today.

The pre-production model of the Roadster X had three battery pack options - 2.5 kWh with a claimed range of 117 km, 3.5 kWh with 159 km of range and 4.5 kWh with a riding range of 200 km.

Its starting price was announced as ₹74,999 (Ex-Showroom Bengaluru).




It had multiple riding modes, and a 4.3-inch LCD with Ola's MoveOS 5 which also gets Ola Maps turn-by-turn navigation. It also gets advanced regen, cruise control, DIY Mode, TPMS alerts, OTA updates, digital key unlock, and Ola Electric App connectivity.

Ola Electric Founder Bhavish Aggarwal unveiled three models including the Roadster X, the Roadster, and the Roadster Pro on August 15 last year.

The Roadster, or the mid variant comes at a starting price of ₹1,04,999 for the 2.5 kWh variant, ₹1,19,999 for the 4.5 kWh variant, and ₹1,39,999 for the 6 kWh variant.

It has a top speed of 126 km/h and can accelerate from 0-40 km/h in 2.2 seconds. The claimed range is 579 km on a single charge.

The Roadster also has a bigger 7-inch touchscreen and also gets diamond-cut alloy wheels.

# Billionaire Deepinder Goyal wants applicants to write 'I have a second brain' in email to him. Here's why

**NEW DEIHI, (Agency).** Zomato CEO Deepinder Goyal created quite a controversy when he shared his post about recruiting for the position of chief of staff with the condition that the applicants have to initially pay him ₹20 lakh to get a shot at the said position, which he later reassured was never part of the hiring plan. He is back again with a new job offer, and this time, he wants people to write a special subject line in the emails to him for an AI-related job position. While his post reminded some of his previous stunt, many were left intrigued



by his new condition for applicants with his company.

What did Deepinder Goyal post?

Taking to X, he wrote, "I am looking to work with business and product leaders who have already started using AI as their second brain. If you are the one, please write to me at d@zomato.com. PLEASE include the phrase 'I have a second brain' in the subject line," he wrote.

Intrigued, an angel investor replied to the X share and added, "Using AI as your 'second brain' can help streamline decision-making and enhance creativity, allowing you to focus on what truly matters. It's becoming a game changer for professionals." The CEO replied, "Absolutely. My productivity is up multiple times since I embraced it."

What did social media say?

An individual wrote, "What happened to the Chief of Staff thing? There was no reply to that." Another asked, "Not a product leader, but I use AI for almost all my stuff, including health, sleep, work, and suggestions. Does that count?" A third added, "Best job posting.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

www.babapandit.com

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक